# बेलगाम कार की रफ्तार ने ली जान

## ढोलखेड़ी के पास हुआ हादसा, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 29 सितम्बर,** सड़क हादसों को कम करने के लिये यातायात पुलिस भले ही बड़े स्तर पर अभियान चलाकर हादसों को कम करने का दावा कर रही हो लेकिन हकीकत इसके उलट है.हाइवे और स्टेट हाइवे पर बेलगाम वाहनों की रफ्तार लोगों की जान ले रही है. ऐसा ही एक दर्दनाक हादसा सोमवार को ढोलखेड़ी के पास हुआ जिसमें तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी.हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुयी है.पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है.



वहीं दूसरी तरफ पुलिस हाइवे पर तेज रफ्तार चलने वाले वाहनों पर बड़े पैमाने में चालानी कार्यवाही कर जुर्माना ठोक रही है. इसके बावजूद आये दिन ऐसे हादसे सामने आ रहे हैं.

ढोल खेड़ी के पास एक सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई. मृतक की पहचान करारिया के रुसल्ली गांव निवासी 40 वर्षीय विजय लोधी के रूप में हुई है.जानकारी के अनुसार विजय लोधी अपनी बाइक से पूजन सामग्री लेकर गांव जा रहे थे. इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया.विजय लोधी लकड़ी का काम करते थे और अपने पीछे तीन बच्चे छोड़ गए हैं.स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी सूचना.हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी.पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से विजय को जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया.पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है.

# किसानों की उपज को मंडी में ही तौल करने की मांग, वहीं पर हो भुगतान

## किसान नेता, व्यापारी और मंडी के अधिकारियों ने की बैठक, रखे कई सुझाव

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 29 सितम्बर,भारतीय किसान संघ,मंडी समिति और व्यापारी संघ की संयुक्त बैठक संपन्न हुयी. कई मुद्दों को लेकर बनी सहमति.सोमवार को स्थान कृषि उपज मंडी के सभाकक्ष में भारतीय किसान संघ, व्यापारी संघ और मंडी समिति की संयुक्त बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा हुई.**

इस बैठक में भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी, व्यापार महासंघ के प्रतिनिधि और मंडी समति के अधिकारी मौजूद रहे. किसानों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई. बैठक में मोजूद मंडी सचिव नीलकमल वैद्य को किसानों की समास्यों से अवगत कराया गया. बैठक में यह तय किया गया कि मंडी में 10 टन तक के चार धर्मकांटे लगाए जाएं और किसानों की उपज की तौल इन्हीं धर्मकांटों से कराई जाए ताकि सही वजन सुनिश्चित हो सके. भुगतान व्यवस्था,किसानों की उपज का भुगतान कृषि उपज मंडी परिसर के भीतर ही सुनिश्चित किया जाए ताकि उन्हें अनावश्यक रूप से बाहर न जाना पड़े. किसानों को सुविधा प्रदान करने के लिए टोकन व्यवस्था शुरू की जाए. किसानों के लिए विश्राम गृह का निर्माण कराया जाए और पानी पीने की पर्याप्त व्यवस्था की जाए. नीलामी की प्रक्रिया माइक के माध्यम से संचालित की जाए ताकि सभी किसान बोली को स्पष्ट रूप से सुन सकें. मंडी परिसर में आवारा पशुओं के प्रवेश को रोकने के लिए उचित कदम उठाए जाएं.इस बैठक में भारतीय किसान संघ से प्रांत मंत्री दिनेश दुबे, जिलाध्यक्ष प्रशांत जैन, जिला उपाध्यक्ष ललित पंथी, जिला मंत्री महेंद्र सिंह रघुवंशी, राजेश श्रीवास्तव, दीपक शर्मा, मुकेश जी साहू, राजेश विश्वकर्मा,व्यापार महासंघ की ओर से अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी , महामंत्री महेंद्र जैन, उपाध्यक्ष सचिन साहू और प्रदीप साहू, मंडी समिति की ओर से मंडी सचिव नीलकमल वैद्य भी इस चर्चा में शामिल हुई.



## एक नजर में

### महामाई माता को लगे 56 भोग

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** महामाई माता मंदिर, मोहनगिरी में मां दुर्गा की महाआरती का आयोजन रखा गया जिसके मुख्य अथिति एएसपी प्रशांत चौबे रहे. आरती में महामाई को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग का लगाया गया. तथा बंगाली थीम एवं श्याम बाबा की तर्ज पर महामाई का दरबार एवं माता का अद्भुत श्रंगार किया गया. जिसको देखकर भक्तों में दिखा उत्साह माता के जयकारे से गूंज उठा मंदिर परिसर आरती के बाद ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय प्रजापति ने इस मौके पर प्रजापति समाज के अध्यक्ष डाक्टर उमेश प्रजापति,कस्तूर प्रजापति,सुरेंद प्रजापति, दीपेश प्रजाति,जय प्रजापति, समर्थ प्रजापति ,कीर्ति प्रजापति,राधा प्रजापति,सहित प्रजापति समाज लोग मौजूद रहे.

### पठारी में जल रहे आस्था के दीप

**नवभारत न्यूज**

**पठारी,**शारदीय नवरात्र के अवसर पर क्षेत्र में जगह-जगह माता रानी के भव्य पंडाल सजाए गए हैं. सुबह-शाम देवी मां की आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर आस्था के दीप प्रज्वलित कर रहे हैं.पंडालों में सजावट और रोशनी के बीच भक्तिभाव का वातावरण हर ओर देखने को मिल रहा है. मां दुर्गा की प्रतिमाओं के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है. देर रात तक चलने वाले गरबा और भजन संध्या में महिलाएं, युवक-युवतियां और बच्चे पूरी श्रद्धा व उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं. डीजे की धुनों पर पारंपरिक गरबा की ताल और मां की महिमा गाते भजन कार्यक्रमों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया है.

## जैसीनगर का नाम बदलने के प्रस्ताव पर दांगी क्षत्रिय समाज ने जताई आपत्ति

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, दांगी डांगी क्षत्रिय महासंघ ने सीएम मोहन यादव को पत्र लिखकर सागर जिले के सुरखी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर जैसीनगर (जयसिंह नगर) का नाम बदलने के प्रस्ताव पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है.**

महासंघ के जिला अध्यक्ष जसवंत सिंह दांगी ने अपने पत्र में कहा है कि सागर व आसपास का अधिकांश क्षेत्र में दांगी क्षत्रिय वंशीय शासकों के अधीन रहा है। गढ़पहरा किला, जो आज राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित है, दांगी शासकों की राजधानी रहा. 1679 में राजा जयसिंह देव ने जैसीनगर (जयसिंह नगर) की स्थापना कर तालाब व किला बनवाया. तभी से यह नगर ऐतिहासिक व राजस्व अेभिलेखों में जयसिंह नगर के नाम से दर्ज है. दांगी समाज ने आरोप लगाया कि राजनीतिक कारणों से कुछ लोगों ने मुख्यमंत्री को भ्रमित कर जैसीनगर का नाम जय शिव नगर करने की घोषणा कराई है. यह घोषणा मुख्यमंत्री के हाल ही में जैसीनगर में हुए आमसभा के भाषण में भी की गई थी.इस पर महासंघ ने कहा कि बिना औचित्यपूर्ण कारण के मध्यप्रदेश के सागर जिले के इस विरासत स्थल एवं सनातन संस्कृति सम्मत नाम को बदलना अनुचित है.



## मटकी फोड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**हैदरगढ़,**नवरात्रि का त्योहार श्रद्धा के साथ पूजा अर्चना कर मनाया जा रहा है.पहाड़ी पर विराजित माता की झांकी भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र है.प्रकृति के सौंदर्य के बीच पहाड़ी पर विराजित हैं.झांकी के समक्ष परिसर में पहाड़ी वाली दुर्गा उत्सव समिति द्वारा तीन दिनों से मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा था जिसमें 20 रुपए एंट्री एवं जो भी मटकी फोड़ेगा उसे 3100 रुपए इनामी राशि दी जाएगी. चौथे दिन मटकी फोड़ प्रतियोगिता में मटकी रविन्द्र अहिरवार द्वारा फोड़ी गई समिति सदस्यों द्वारा 3100 रुपए की इनामी राशि दी गई.



## विधायक ने की स्वच्छता की अपील

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,**सेवा पखवाड़े के तहत सोमवार को तिलक चौक, एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया. इस अवसर पर पंडित बाल गंगाधर तिलक जी की मूर्ति की सफाई कर माल्यार्पण कर नमन किया गया. इस दौरान आसपास के दुकानदारों और व्यापारियों एवं नागरिक जनों से स्वच्छता बनाए रखने का अनुरोध भी किया गया. विधायक मुकेश टंडन ने सभी से निवेदन किया कि कचरा , कचरा गाड़ी में ही डाले ताकि सड़क एवं नालियों में गंदगी न हो.

# हृदय रोग महामारी के रूप में उभर रहा-डॉ . एमके जैन

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, विश्व हृदय रोग जागरूकता दिवस के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन , रोटरी इंटरनेशनल एवं इंडियन अकैडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के संयुक्त तत्वावधान में अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित जागरूकता एवं निशुल्क रोग निदान शिविर में प्रदेश आईएमए अध्यक्ष डॉ एम के जैन ने बताया कि दिल धड़क -धड़क कर कह रहा कि मानलो मेरा कहना बाद में फिर ना कहना कि मुझे आगाह नहीं किया. आज हृदय रोग एक महामारी के रूप में हमारे समक्ष उभर रहा है.**

गलकाट प्रतिस्पर्धा के इस भागमभाग में अनियमित और पाश्चात्य जीवन शैली और बेतरतीव और रेडी मेड , फास्ट फूड का अत्यधिक सेवन , ओवर थिंकिंग और एक दूसरे से आगे बढ़ने का अनावश्यक दबाव और तनाव,स्मोकिंग , शारीरिक श्रम का अभाव मानसिक परेशानी प्रमुख कारण के रूप में सामने आ रहा है.हमारा दिल -हरदिन , हर समय ,हर पल हमारा ध्यान रखता है और दिल का धड़कना ही हमारे जीवित रहने का वजूद भी है. हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ ऐश्वर्य मोदी ने बताया कि हृदय रोगों की फैमिली हिस्ट्री , जेनेटिक हिस्ट्री होने के बावजूद भी हमे खाने पीने पर विशेष ध्यान देना चाहिए.हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ प्रशांत बागरेचा , डॉ कुशाग्र दीक्षित,अध्यक्ष डॉ राजीव जैन,डॉ राहुल जैन,डॉ सुरेंद्र सोनकर, श्रीमती प्रियंका जैन कमल सिलाकारी डॉ जनार्दन सिंह जादोन, डॉ पंकज अग्रवाल,रितेश कपूर आदि मौजूद थे.




## एमीनेन्ट स्कूल में नन्हें बच्चों ने किया रामलीला का मंचन

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** एमीनेन्ट हाइट्स पब्लिक स्कूल में नवरात्र के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्राइमरी के छात्रों द्वारा रामलीला का मंचन किया. मंचन में श्रीराम जन्म से लेकर रावण वध एवं श्रीराम के राजतिलक का मनमोहक मंचन किया. कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा 5 के 40 छात्रों ने रामायण के विभिन्न किरदार निभाए. साथ ही विद्यालय प्रागण में गरबा का आयोजन भी किया.कार्यक्रम में स्टाफ सदस्यों एवं छात्रों ने बड़े उत्साह से हिस्सा लिया.कार्यक्रम के अंत में रंगबिरंगी आतिशबाजी के साथ रावण दहन किया गया.स्कूल संचालक इंजी. सुमित अग्रवाल ने बताया कि इन सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के व्यक्तित्व का विकास तो होता ही है, साथ ही त्यौहारों से जोड़कर उनमें अच्छे संस्कारों के बीज भी बोए.


# मकोड़िया डेम का शुरू किया जाए सर्वे

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने सीएम के सामने रखीं मांगें

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, कुरवाई में आए सीएम मोहन यादव को अध्यक्ष जिला पंचायतअध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने 5 सूत्रीय मांगे रखी. रायसेन जिलें के भोजपुर में स्थित मकोडिया डेम का सर्वे पुनः कराने से सांची, विदिशा, बासौदा, कुरवाई एवं शमशाबाद की 65 हजार हेक्टर से अधिक जमीन सिंचित होगी जिलें को बाढ से भी मुक्ति मिलेगी.**

विदिशा जिलें की 577 ग्राम पंचायतों में किसानों को खेतों में आने जाने के लिये प्रत्येक पंचायत में 2 ग्रेवल सडकों की मांग रखी. विदिशा जिलें को पायलेट प्रोजेक्ट में शामिल कर मुक्तिधाम हेतु राशि आवंटन की मांग रखी. जिला पंचायत एवं जनपद पंचायतों के सदस्यों हेतु क्षेत्र की समस्याओं के समाधान हेतु अलग से निधि उपलब्ध कराने की मांग रखी. फसल बीमा के नियमों में बदलाव हेतु फसल बीमा के नियमों में पटवारी हल्के के स्थान पर खेत को फसल बीमा हेतु इकाई माना जाने की मांग रखी. गीता कैलाश रघुवंशी, अध्यक्ष जिला पंचायत विदिशा द्वारा उक्त रखी मांगों के संबंध में मा. मुख्यमंत्री डां. मोहन यादव जी ने गंभीरता पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया गया.



# कट्टा दिखाकर बुजुर्ग महिला से सोने-चांदी के गहने लूटे

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** कोतवाली थाना क्षेत्र बजरिया हनुमान मंदिर रोड तोपपुरा इलाके में एक चौकसे परिवार के घर में बुजुर्ग महिला से सोने चांदी के जेवर लूट का मामला सामने आया है. घटना रविवार रात की है. दो आरोपियों ने पिस्टल दिखाकर महिला से सोने चांदी के जेवर लूट लिए और फरार हो गए. घटना के वक्त महिला और उनके पति घर में मौजूद थे. महिला गीता बाई चौकसे घर में थी उनके पति आगे के कमरे में सो रहे थे. पीड़ित बुजुर्ग महिला ने बताया कि दो लोग घर में आए और बंदूक दिखाकर जेवर मांगने लगे, उन्होंने पिस्टल से भेजा उड़ने की धमकी दी। उनमें से एक बदमाश नकाब बांधकर आया था. जिसकी दाढ़ी दिखाई दे रही थी.आरोपियों ने अलमारी से जेवर निकलवाए , उनके गले का मंगलसूत्र और कान के जेवर निकलवाए और भाग गए, गीता बाई के पुत्र निलेश चौकसे घर के बाहर पड़ोसी के पास ही बैठे हुए थे, चीख पुकार सुनकर वह घर के अंदर दौड़े जहां उन्हें लूट की घटना का पता चला. निलेश चौकसे ने बताया कि उनके घर से करीब 4 किलो चांदी और 7 से 8 तोला सोना गायब है. घटना के वक्त महिला की दो बहुएं अपने मायके में एक आयोजन में शामिल होने गई थी.सूचना के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी. सीएसपी अतुल सिंह और कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने महिला के बयान दर्ज किए हैं और मामले की जांच शुरू कर दी है.

# प्रति सेकंड एक फुटबॉल मैदान के बराबर हरियाली हो रही गायब

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,एक पौधा एक संकल्प थीम पर आधारित पौधरोपण अभियान 4.0 के अंतर्गत श्रमदान दल द्वारा नारायण प्लाजा के समक्ष पौधरोपण किया गया.**

इस दौरान श्रीमति रीना गोविंद पटेल पूर्व जनपद अध्यक्ष परिवार के सहयोग से, स्व. श्री नारायण सिंह रामकुंअर बाई जी तरफदार एवं स्व. श्री लक्ष्मण सिंह जी चुन्नीलाल जी तरफदार पिपराहा वाले की पुण्य स्मृति में दो पौधे रोपित किए गए.कार्यक्रम के दौरान दल ने नागरिकों को पर्यावरण संकट से जुड़े कुछ चौंकाने वाले तथ्यों से अवगत कराया. संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार, हर साल लगभग 1.5 करोड़ हेक्टेयर जंगल खत्म हो रहे हैं, यानी प्रति सेकंड एक फुटबॉल मैदान के बराबर हरियाली गायब हो रही है.विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो दुनियाभर में हर साल 70 लाख लोग वायु प्रदूषण के कारण समय से पहले मौत का शिकार हो रहे हैं.एक परिपक्व वृक्ष सालभर में लगभग 118 किलो ऑक्सीजन प्रदान करता है, यानी दो पेड़ एक इंसान के पूरे वर्ष की सांसों के लिए पर्याप्त ऑक्सीजन देते हैं.यदि पृथ्वी के तापमान में मौजूदा दर से वृद्धि होती रही, तो अगले 30 वर्षों में कई शहरों में रहना मुश्किल हो जाएगा.



## गार्डन संचालक ने दबोचा चोर, भागते समय बाइक से गिरा, कई वारदातें कबूलीं

### पुलिस ने हिरासत में लिया

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,चोरी की बढ़ती घटनाओं के बीच रविवार रात शिव विहार फेस टू कॉलोनी में एक चोर को पकड़ लिया गया. दरअसल, दो युवक बाइक से पहुंचे और लोहे की प्लेटें चोरी करने लगे थे, तभी लवली गार्डन के मालिक सुनील कुशवाह ने उन्हें देख लिया.**

सुनील को देखते ही एक युवक प्लेट छोड़कर बाउंड्री कूदकर भाग गया.दूसरा युवक बाइक पर प्लेटें जमा रहा था.भागने के दौरान उसने सुनील पर बाइक चढ़ाने की कोशिश की, लेकिन अनियंत्रित होकर गिर पड़ा.इसके बाद सुनील ने उसे दबोच लिया.चोर को पकड़े जाने की सूचना मिलते ही कॉलोनीवासियों की भीड़ जमा हो गई.पकड़े गए युवक ने कबूल किया कि वह कई अन्य चोरियों में भी शामिल रहा है और उसने कुछ अन्य साथियों के नाम भी बताए.सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर सिविल लाइन थाने ले गई.पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है ताकि उसके फरार साथी और अन्य चोरियों के बारे में जानकारी मिल सके.शहर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोग परेशान थे. इस गिरफ्तारी के बाद कॉलोनीवासियों ने राहत की सांस ली और पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग की है.

## हर घर स्वदेशी को लेकर विधायक ने किया जनसंपर्क

**नवभारत न्यूज**

**लटेरी,क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने घटी जीएसटी मिला उपहार को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी का धन्यवाद के लिए लटेरी बाजार में जनसंपर्क किया जिसमें गणेश टीवीएस न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर शोरूम पर संचालक जितेंद्र रघुवंशी ने विधायक का स्वागत एवं मोदी सरकार का धन्यवाद किया.** ग्राहक एवं किसानों से क्षेत्रीय विधायक ने घटी जीएसटी को लेकर चर्चा की जिसमें किसान एवं ग्राहकों ने बताया कि मोटरसाइकिल खरीदने पर 15000 से 30000 रुपए जीएसटी घटने से हमें फायदा हो गया है वहीं किसानों ने बताया 22 सितंबर से घटी जीएसटी से ट्रैक्टर खरीदने पर 50000 से 100000 तक का फायदा हुआ है इसके लिए हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुत-बहुत धन्यवाद करते हैं.वही क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने भाजपा के जनप्रतिनिधि के साथ लटेरी के बाजार में घटी जीएसटी हर घर स्वदेशी को लेकर आम नागरिक ग्राहक एवं व्यापारियों से जनसंपर्क किया.जनसंपर्क में विधायक प्रतिनिधि अत्तुभंडारी नगर परिषद उपाध्यक्ष शिवचरण प्रजापती मंडल अध्यक्ष रामगुलाम राजोरिया महामंत्री जितेंद्र रघुवंशी आदि उपस्थित रहे.

## रात्रि जागरण

### खाईखेड़ा में हुआ रात्रि जागरण, भजनों पर झूमे श्रोता

# अंबे मैया के दीवाने दोऊ नैन दरस बिन जियरा न लगे

**नवभारत न्यूज**

**नटेरन,श्री नवदुर्गा के इस धार्मिक पावन पर्व के अवसर पर ग्राम खाई खेड़ा में श्री राम जानकी मंदिर पर रात्रि जागरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ.जिसमें भोपाल विदिशा बैरसिया बासौदा सहित स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दीं.**

कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित घनश्याम शर्मा द्वारा रिद्धि सिद्धि के दाता सुनो गणपति बंदना से किया गया.बही सांवरिया काहे मारे नजरिया भजन की शानदार प्रस्तुति द्वारा दी गई संगीत के बढ़ते चरण में उज्जैन संगीत विश्वविद्यालय के प्रोफेसर संजय मिश्रा द्वारा अपने भक्तों पे कृपा बनाए रखना मां राम नाम अति मीठा है कोई जाके देखले आ जाते है राम कोई बुलाके देखले संजय मिश्रा द्वारा गाए सुंदर भजन सुनकर श्रोता भगवान श्री राम की भक्ति में लीन हो गए.भोपाल की महिला गायिका श्रीमती रचना भारती द्वारा एक मीरा एक राधा दोनों ने श्याम को चाहा भजन की प्रस्तुति को सभी जन मानस ने सराहना की.विदिशा से पधारे लाखन विश्वकर्मा द्वारा सखी बात किसी से न कहना मेरे श्याम से उलझ गए दोऊ नैना भजन सुनकर श्रोता झूम उठे.वहीं रहीश अहमद आजाद ने वायलिन पर शानदार बंदिश की प्रस्तुति दी.उनकी वायलिन की धुन ने सभी श्रोताओं का मन मोह लिया.संगीत के बढ़ते चरण में ढोलक वादक पंडित यश कुमार चौबे एवं छोटे उसताज की शानदार ढोलक की जुगलबंदी की सभी ने प्रशंसा की.अनिल बघेल खामखेड़ा द्वारा मैया रानी के दीवाने दोऊ नैन दरस बिन जियरा न लगे.रात भर गजल ठुमरी लोकगीत एक ताल झप ताल तीन ताल आदि की शानदार प्रस्तुतियां सभी कलाकारों ने दी गई.कार्यक्रम के व्यवस्थापक दीपक उपाध्याय, उमेश उपाध्याय मिथलेश दुबे,सुदेश दुबे ,महेंद्र उपाध्याय, केशव उपाध्याय ने सभी कलाकारों एवं श्रोताओं का स्वागत किया गया.

